संपादकीय

प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा

केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या 165 तक पहुंच चुकी है। 220 लापता हैं तथा 131 घायल हुए हैं। मुंडक्कई, अय्यामाला, चूरलमाला और नूलपुझा गांव में देर रात को हुई इस दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है।

हजारों लोगों को बमुश्किल निकाला जा सका तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम जारी है। इस बीच, मौसम विभाग भारी बरसात की चेतावनी अब भी दे रहा है। मल्लपुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में चेतावनी के साथ ही एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर में भी भारी बरसात होने की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं। वायनाड का मुख्य पुल बह जाने से सैकड़ों फंसे लोगों का बचाव मुश्किल हो गया है। ढेरों घर बह गए हैं।

करीब के चाय बागान के 35 कर्मचारियों का भी पता नहीं चल पाया है। हालांकि अब तक यह पता नहीं चल सका है कि चाय बागानों में कितने मजदूर काम कर रहे थे। पांच साल पहले भी इन्हीं गांवों में भूस्खलन हुआ था, जिसमें 50 से ज्यादा घर बह गए थे। लापता लोगों में से पांच का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इसलिए परिवार बेहाल हैं। वे अपनों को ढूंढने और अपने तबाह हो गए घर को देखने की गुहार लगा रहे हैं। मोबाइल टावरों के क्षतिग्रस्त होने से फोन सेवाएं भी बाधित हैं।

आपदा प्रबंधन दल के लिए उन इलाकों तक पहुंचने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। वे केबल के सहारे हैं तथा हैलीकॉप्टर से घायलों को लाने-ले जाने का काम कर रहे हैं। वायनाड पठारी इलाका है जिसकी 51% भूमि पहाड़ी ढलान वाली है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार केरल का 43% इलाका भूस्खलन प्रभावित इलाका है। मानसून के दौरान यहां हमेशा जबरदस्त बरसात होती है। नदियों में बरसाती पानी के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है।

प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश में हजारों लोग मारे जाते हैं, और हजारों लोग बेघर हो जाते हैं। देखने में आया है कि हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा हुआ है। बेशक, सरकार मदद करती है, मुआवजा भी देती है। मगर इससे पीड़ितों को न तो खास राहत नहीं मिलती है, न ही सबको मिल सकती है। सरकारी महकमे की धांधली से बचाव असंभव है। सेना के तीनों अंग और एनडीआरएफ ऐसे वक्त में आपदाग्रस्त देशवासियों के खासे मददगार साबित होते हैं।

अदाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा पहली तिमाही में 116 प्रतिशत बढ़ा, आय 26,000 करोड़ रुपए के पार

अहमदाबाद

अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए गए। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 116 प्रतिशत बढ़कर 1,458 करोड़ रुपये हो गया है।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी की आय 13 प्रतिशत बढ़कर 26,067 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 23,016 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कंसोलिडेटेड ईबीआईटीडीए 48 प्रतिशत बढ़कर 4,300 करोड़ रुपये हो गया है।

अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) इकोसिस्टम के तहत आने वाले कारोबार जैसे एयरपोर्ट और सड़क का प्रदर्शन जून तिमाही में शानदार रहा है, जिसके कारण अदाणी एंटरप्राइजेज के तिमाही मुनाफे में बड़ी बढ़त देखने को मिली है।

कंपनी के नए कारोबारों का ईबीआईटीडीए में योगदान वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में बढ़कर 62 प्रतिशत हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 45 प्रतिशत था।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, एईएल ने भारत के एक लीडिंग बिजनेस इनक्यूबेटर और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के ग्लोबल मॉडल के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है।

हमारे ईबीआईटीडीए में मजबूत वृद्धि एएनआईएल इकोसिस्टम के प्रदर्शन के कारण हुई है। हमारा एयरपोर्ट ऑपरेशन और सड़क निर्माण का बिजनेस संचालन उत्कृष्टता और वैल्यू क्रिएशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कंपनी के सोलर और विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरिंग के बिजनेस का ईबीआईटीडीए जून तिमाही में अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 1,642 करोड़ रुपये पर रहा है, जो कि सालाना आधार पर 3.6 गुना बढ़ा है। कुल ईबीआईटीडीए में इसका योगदान बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया है।

कंपनी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण आधे से ज्यादा पूरा हो चुका है। 10 में से 3 निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स 80 प्रतिशत से ज्यादा पूरे हो चुके हैं।

श्रीलंका के खिलाफ पहला वनडे जीतते ही भारतीय टीम रचेगी इतिहास

- किसी टीम के खिलाफ ऐसा नहीं कर सकी है इंडिया

नईदिल्ली

भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मैच में 2 अगस्त को खेला कोलंबो में खेला जाएगा. टी 20 सीरीज में श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने वाली टीम इंडिया वनडे सीरीज में भी चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार है. अगर भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ पहला वनडे जीत जाती है तो एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगी. आईए जानते हैं कि टीम इंडिया किस रिकॉर्ड को अपने नाम कर सकती है.

भारत और श्रीलंका के बीच अबतक 168 वनडे मैच खेले गए हैं. भारतीय टीम ने 99 मैच जीते हैं जबकि श्रीलंका को 57 मैच में जीत मिली है. अगर भारतीय टीम पहला वनडे जीत जाती है तो श्रीलंका के खिलाफ उसकी 100 वीं जीत होगी. श्रीलंका ऐसी पहली टीम बनेगी जिसके खिलाफ भारत की वनडे में 100 जीत होगी. टीम इंडिया किसी भी दूसरी टीम के खिलाफ वनडे में 100 मैच नहीं जीती है.

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ जिन 5 टीमों के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे मैच जीते हैं वे हैं वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, जिंबाब्वे, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया हैं. वेस्टइंडीज के खिलाफ 142 मैच में 72, न्यूजीलैंड के खिलाफ 118 मैच में 60, इंग्लैंड के खिलाफ 107 मैच में 58, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 151 मैच में 57, पाकिस्तान के खिलाफ 135 मैच में 57 और जिंबाब्वे के खिलाफ 66 मैचों में 54 जीत दर्ज की है.

शेयर मार्केट में आया भूचाल, सेंसेक्स-निफ्टी दोनों में बड़ी गिरावट; झटके में डूबे 4.26 लाख करोड़

मुंबई

इंटरनेशनल मार्केट के ट्रेंड्स के मुताबिक शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार जबरदस्त गिरावट के साथ खुले हैं। ऐसा तब हुआ है जब एक दिन पहले अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज बढ़ाने के संकेतों से गदगद इंडियन स्टॉक मार्केट्स ने ऑल-टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया था। नेशनल कमोडिटी एक्सचेंज का निफ्टी तो गुरुवार को 25,000 पॉइंट के ऐतिहासिक मार्क को क्रॉस कर गया था। वहीं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के शेयर इंडेक्स सेंसेक्स ने भी 82,129.49 अंक का रिकॉर्ड बनाया था। शुक्रवार को मार्केट इंटरनेशनल ट्रेंड के मुताबिक निगेटिव जोन में खुला। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 708 अंक गिरकर 81,158.99 अंक पर खुला जबकि एनएसई निफ्टी 221 अंक फिसलकर 24,789 अंक पर खुला। हालांकि ये गिरावट आगे भी जारी रही और निफ्टी ने सुबह के कारोबार में 24,723.70 पॉइंटर तक का निचला स्तर छुआ। जबकि सेंसेक्स 80,995.70 अंक के निचले स्तर तक गया।

ऋषभ पंत, नवदीप सैनी दिल्ली प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण में होंगे शामिल

नई दिल्ली

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) प्रमुख और लीग अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि ऋषभ पंत, नवदीप सैनी, हर्षित राणा इस महीने के दूसरे हाफ में शुरू होने वाली दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेंगे।

टी20 टूर्नामेंट, जिसमें पुरुष और महिला दोनों मैच होंगे, अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। लीग के लिए फ्रेंचाइजी नीलामी पिछले रविवार को आयोजित की गई थी और इसमें छह पुरुष टीमों की कुल 49.65 करोड़ रुपये में बिक्री हुई। जेटली ने शुक्रवार को ट्रॉफी उद्घाटन समारोह में कहा, ऋषभ पंत, नवदीप सैनी, हर्षित राणा और अन्य भारतीय खिलाड़ी डीपीएल के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे। मेरी ऋषभ पंत से बात हुई थी और उन्होंने मुझसे लीग में भाग लेने का वादा किया है, लेकिन यह केवल उनकी उपलब्धता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर निर्भर करता है। लेकिन अभी, वह खेलेंगे, नवदीप और हर्षित भी लीग में शामिल होंगे।

उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय, अंडर-23, अंडर-19 सहित पूरी दिल्ली से 270 खिलाड़ियों का ड्राफ्ट शामिल है।

लीग के ब्रांड एंबेसडर, पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लीग को लेकर अपना उत्साह दिखाया और कहा कि यह उन क्रिकेटरों के लिए एक शानदार अवसर है, जिन्हें आईपीएल या राष्ट्रीय टीम में मौका नहीं मिलता है।

सहवाग ने कहा,लीग निश्चित रूप से उन खिलाड़ियों के लिए एक शानदार अवसर होगा जो नेट्स पर कड़ी मेहनत करते हैं और उन्हें किसी भी बड़े टूर्नामेंट में मौका नहीं मिला है। जब मैं अपने छोटे दिनों में खेलता था तो हमें खेलने का इस प्रकार का अवसर नहीं मिलता था, अब मेरा बेटा विभिन्न लीगों में खेल रहा है, मुझे खुशी है कि उसे ये अवसर मिलेंगे, तो हाँ यह एक बहुत अच्छा अवसर है। डीपीएल के पहले सीजन में कुल 40 मैच होंगे, जिसमें पुरुष वर्ग में 33 और महिला वर्ग में सात मैच होंगे। इसमें छह फ्रेंचाइजी शामिल होंगी, अर्थात् वेस्ट दिल्ली लायंस, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, साउथ दिल्ली सुपरस्टार, पुरानी दिल्ली -6, दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स। मैच स्पोर्ट्स 18 पर प्रसारित किए जाएंगे और जियोसिनेमा पर लाइव स्ट्रीम किए जाएंगे।

दमदार नतीजों के बाद फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो का शेयर 12 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई

फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो के शेयर में शुक्रवार को करीब 12 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। शेयर में तेजी की वजह कंपनी की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के दमदार नतीजे पेश करना था।

दोपहर 12 बजे जोमैटो का शेयर 12.32 प्रतिशत बढ़कर 262 रुपये पर था। अब तक के कारोबारी सत्र में जोमैटो के शेयर 278 रुपये का उच्चतम स्तर और 243 रुपये का न्यूनतम स्तर को छुआ है।

पिछले कुछ समय में जोमैटो के शेयर में काफी तेजी देखने को मिली है। बीते एक वर्ष में फूड डिलीवरी कंपनी के शेयर ने 206 प्रतिशत, इस वर्ष की शुरुआत से अब तक 109 प्रतिशत, बीते छह महीने में 81 प्रतिशत और पिछले एक महीने में करीब 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

जोमैटो द्वारा गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे जारी किए गए थे। कंपनी का मुनाफा 126.5 गुना बढ़कर 253 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल समान तिमाही में 2 करोड़ रुपये था।

इस दौरान कंपनी की आय 2,416 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,206 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी की आय में सालाना आधार पर 74 प्रतिशत का बड़ा उछाल देखने को मिला है।

बता दें, कंपनी के इतिहास में यह पांचवी तिमाही है, जब कंपनी ने मुनाफा दर्ज किया है। जोमैटो की आय में बढ़त की वजह कंपनी का कोर बिजनेस बढ़ना और सहयोगी क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की तेज ग्रोथ होना है।

वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून के बीच जोमैटो की ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू (जीओवी) 27 प्रतिशत बढ़कर 9,264 करोड़ रुपये हो गई है, वहीं क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की जीओवी जून तिमाही में बढ़ कर 4,923 करोड़ रुपये हो गई है। सालाना आधार पर इसमें 130 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है।

पेरिस ओलंपिक मेडल टैली: टॉप पर चीन, भारत 44वें स्थान पर

पेरिस

चीन ने अपने दमदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक में मेडल टैली में टॉप पर कब्जा बनाए रखा, जबकि मेजबान फ्रांस अब दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गया है।

शुक्रवार को प्रतियोगिता के सातवें दिन की शुरुआत से पहले चीन के पास 11 स्वर्ण, 7 रजत और 6 कांस्य पदक और कुल 24 पदक हैं। अमेरिका 9 स्वर्ण, 15 रजत और 13 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर आ गया है। अमेरिका के पास कुल 37 पदक हैं।

इस बीच, मेजबान फ्रांस 8 स्वर्ण सहित कुल 27 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया। ऑस्ट्रेलिया 8 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है।

जापान 16 पदकों के साथ पांचवें स्थान पर है। जापान के खाते में आठ स्वर्ण हैं, जबकि ग्रेट ब्रिटेन 20 पदकों के साथ शीर्ष 5 से बाहर हो गया।

मेडल टैली

टॉप- 5 और भारत

1. चीन (11 स्वर्ण , 7 रजत और 6 कांस्य); कुल 24

2. अमेरिका (9 स्वर्ण , 15 रजत और 13 कांस्य); कुल 37

3. फ्रांस (8 स्वर्ण , 11 रजत और 8 कांस्य); कुल 27

4. ऑस्ट्रेलिया (8 स्वर्ण , 6 रजत और 4 कांस्य); कुल 18

5. जापान (8 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य) ; कुल 16

44. भारत (0 स्वर्ण , 0 रजत और 3 कांस्य)

पेरिस ओलंपिक के छह दिनों के बाद भारत ने तीन पदक जीते हैं और ये सभी पदक निशानेबाजी में आए हैं। प्रतियोगिता का छठा दिन भारतीय दल के लिए शानदार रहा। स्वप्निल कुसाले, जो अपना पहला ओलंपिक खेल रहे हैं, ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

हालांकि, देश को कुछ ऐसे नतीजे भी देखने को मिले जो उनके खिलाफ गए।निखत जरीन और प्रवीण जाधव प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पेरिस खेलों के सातवें दिन की ओर बढ़ते हुए भारतीय एथलीटों का फोकस अपना बेस्ट प्रदर्शन करने पर और मेडल टैली में बढ़त बनाने पर होगा। साथ ही 2 मेडल जीत चुकी मनु भाकर भी एक्शन में होंगी। वे 25 मीटर पिस्टल क्वालिफाइंग इवेंट में हिस्सा लेंगी।

जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा का ट्रेलर हुआ रिलीज

जॉन अब्राहम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनका नाम भले ही इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शुमार नहीं हुआ, लेकिन वह अपने दम पर दर्शकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे।पिछली बार शाहरुख खान के साथ फिल्म पठान में दिखे जॉन की अगली फिल्म वेदा के उनके प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है, जिससे जुड़ीं तमाम रोचक जानकारियां सामने आ चुकी हैं।अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

एक्शन के मामले में जॉन का कोई जवाब नहीं और वेदा के जरिए फिर उन्होंने यह साबित कर दिया है।जॉन के साथ-साथ ट्रेलर में अभिनेत्री शरवरी वाघ का भी एक्शन अवतार देखने लायक है, जो अपने हक की लड़ाई लड़ते के लिए जद्दोजहद करती दिख रही हैं।खुद मौनी रॉय और अभिषेक बनर्जी की झलक भी ट्रेलर में दिखाई गई है, वहीं जॉन के साथ तमन्ना भाटिया की जोड़ी भी फिल्म में जंच रही है।

वेदा 15 अगस्त को सिनेमाघरों का रुख करेगी। हालांकि, इस दिन यह अकेले सिनेमाघरों में दस्तक नहीं दे रही है। फिल्म स्त्री का दूसरा भाग स्त्री 2 भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगा। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव जैसे कलाकार भूमिका में नजर आएंगे।दूसरी ओर एक्शन थ्रिलर पैन इंडिया फिल्म डबल इस्मार्ट भी काफी चर्चा में है। यह भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

एक्शन ड्रामा फिल्म उत्तराखंड से शिव राजकुमार का फर्स्ट लुक आया सामने



टीम उत्तराखंड ने करुणादा चक्रवर्ती डॉ. शिवराजकुमार के जन्मदिन के अवसर पर उनके बहुप्रतीक्षित लुक का खुलासा किया है। मालिका की भूमिका में शिवन्ना के लुक ने उत्साह को जगा दिया है। टीम उत्तराखंड ने पात्रों और उनके पोस्टरों को पेश करने के लिए एक अनोखे तरीके का इस्तेमाल किया है, और अब शिवन्ना के लुक को सामने लाकर वे चर्चा का विषय बन गए हैं। डॉ. शिवराजकुमार एक बड़े स्टार हीरो हैं और अपने नए अवतारों से अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने में कभी असफल नहीं हुए हैं। उनकी हर फिल्म में उनका एक अलग रूप देखने को मिलता है और उत्तराखंड में मालिका भी कुछ ऐसी ही है। खून से सना चेहरा और शरीर शिवन्ना की एक बहुत ही उग्र छवि को दर्शाता है, और इसने उत्सुकता को बढ़ा दिया है।

एक्शन सीरीज रक्त ब्रह्माण्ड का दिलचस्प पोस्टर के साथ एलान, राज एंड डीके की जोड़ी करेगी धमाल

फिल्म मेकर्स राज एंड डीके ने एक और नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका नाम रक्त ब्रह्माण्ड है. जिसकी अनाउंसमेंट नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर की. फिल्म की कास्ट जल्द अनाउंस होगी लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें अली फजल और सामंथा रूथ प्रभु नजर आ सकते हैं हालांकि अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट बाकी है. ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक दिलचस्प पोस्टर के साथ इसकी घोषणा की. इस शो का निर्देशन तुम्बाड फेम राही अनिल बर्वे करेंगे.

राज और डीके की नई नेटफ्लिक्स सीरीज के अनाउंसमेंट पोस्टर में एक मुकुट की तस्वीर है, जिसके हर कोने से खून टपक रहा है. राजकुमार राव, दुलकर सलमान और आदर्श गौरव-स्टारर गन्स एंड गुलाब्स के बाद नेटफ्लिक्स के साथ राज और डीके का यह दूसरा कोलेबोशन है. रक्त ब्रह्माण्ड: द ब्लडी किंगडम का पहला पोस्टर शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा गया- हमें बड़ी खबर मिली है जो आपके खून में हलचल मचा देगी! हम अपनी पहली एक्शन-फैंटेसी सीरीज को अनाउंस करते हुए काफी एक्साइटमेंट हो रही है.

यह सीरीज एक रोमांचक और रोमांचक कहानी का वादा करती है, जो एक फिक्शनल साम्राज्य में सेट है, जिसमें पावरफुल एक्शन और शानदार सीन देखने को मिलेंगे. शूटिंग जल्द ही शुरू होगी वहीं कलाकारों का ऑफिशियल अनाउंसमेंट होना अभी बाकी है. नेटफ्लिक्स के साथ अपने रोमांचक कोलेबोशन के बारे में बात करते हुए, राज और डीके ने कहा- हमारे लिए भी यह कुछ नया है जो इसे और भी रोमांचक बनाता है. हमारा लक्ष्य एक ऐसी फिक्शनल दुनिया बनाना है जो हमें बचपन में सुनी गई कहानियों की याद दिलाता हो. नेटफ्लिक्स के साथ काम करना शानदार रहा है और रक्त ब्रह्माण्ड के लिए भी हम काफी एक्साइटेड हैं.

शब्द सामर्थ्य- 137

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 136 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू-दोकू- 137

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.136 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा।

वृष: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा।

कर्क: आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

सिंह: आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलताएं छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी, इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा।

कन्या: आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

तुला: आज का दिन बढिय़ा रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा 7 आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज आपको काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है।

मकर: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

मीन: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीदारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे।